प्रादेशिक समाचार

दिनांक–31.08.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शंघाई सहयोग संगठन, एससीओ समिट में शामिल होने के लिए किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में हैं। इससे पहले श्री मोदी ने आज वहां महात्मा गांधी के स्मारक पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि गांधी जी के विचारों का हमारे मन पर हमेशा एक अद्वितीय प्रभाव रहेगा। प्रधानमंत्री ने बिश्केक में विभिन्न समुदायों के लोगों से भी मुलाकात की। श्री मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि "ऐसे लोगों के समूह से मुलाकात हुई जिनका भारत से गहरा जुड़ाव है।

*********************

नेपाल में पिछले दिनों आये जल प्रलय की घटना के बाद से अब भी कई लोग लापता हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। रांची के रामप्रसाद घोष भी लापता हैं, जो नेपाल में ऑस्ट्रेलियाई कंपनी में कार्यरत थे। परिजनों से रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ से रांची में मुलाकात कर उन्हें खोज निकालने में मदद की गुहार लगायी है। श्री सेठ ने इस दिशा में पहल का भरोसा दिलाया और कहा कि इस विपदा की घड़ी में वे मजबूती के साथ प्रभावित परिवारों के साथ खड़े हैं।

*********************

रांची के ओरमांझी स्थित पैतृक आवास पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदित्य प्रसाद साहू से आज आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों ने मुलाकात की। उनसे मुलाकात करने वालों में जगलाल पहान और अन्य शामिल रहे। इस दौरान विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा और सकारात्मक संवाद हुआ। इस मौके पर समाज के नवनिर्माण तथा समस्याओं के समाधान और विकास से जुड़े मुद्दों पर मिलकर आगे बढ़ने पर जोर दिया गया।

*********************

संताल परगना के जिलों में छात्र नेता देवेन्द्र नाथ महतो की भर्ती व्यवस्था सुधार यात्रा लगातार जारी है। वीरों की भूमि साहिबगंज में उन्होंने भोगनाडीह में छात्र हित में आंदोलन को और धारदार बनाने का बिगुल फूंका है। आज यह यात्रा देवघर पहुंच गई है। यहां से धनबाद और बोकारो की ओर यात्रा प्रस्थान करेगी। श्री महतो ने कहा कि छात्रों को न्याय दिलाने के लिए उनकी लड़ाई जारी रहेगी।

*********************

साहिबगंज जिले में पीएम पोषण योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण तथा पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला स्तरीय स्टेयरिंग–सह–मॉनिटरिंग समिति की बैठक हुई। इस दौरान योजना की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई और संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए।

*********************

रांची के डोरंडा में रिसालदार बाबा के 219वें उर्स मुबारक का आज आखिरी दिन है। इसमें खास और आम सभी पहुंच रहे हैं। मंत्री इरफान अंसारी ने कल दरगाह में चादरपोशी कर राज्य की सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान श्री अंसारी ने डोरंडा के इलाके में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने की प्रतिबद्धता जतायी। साथ ही दरगाह परिसर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने पर बल दिया।

*********************

गिरिडीह जिले के बगोदर थाना क्षेत्र में जंगली हाथियों का उत्पात लगातार जारी है। हाथियों के झुंड ने करीब आधा दर्जन घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया है और खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचाया है। हाथियों के गांवों में घुसने से ग्रामीणों में दहशत है और लोग रातभर जागकर सुरक्षा करने को मजबूर हैं। बगोदर विधायक नागेंद्र महतो ने प्रशासन से हाथियों को गांव से दूर भगाने और प्रभावित लोगों को मुआवजा देने की मांग की है।

*********************

मौसम विज्ञान केन्द्र ने अपने तात्कालिक पूर्वानुमान में बताया है कि अगले कुछ घंटों के दौरान देवघर, धनबाद और जामताड़ा जिले में गरज के साथ मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना है। इस दौरान वज्रपात होने के भी आसार हैं, जिसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

********समाप्त**********